<u>समाचार</u>

<u>दर्जनों स्थानों, कार्यालयों को किया गया सेनेटाईज</u>

<u>(कोरोना संक्रमण प्रसार को रोकने उठाए जा रहे सभी एहतियाती कदम)</u>

कोरबा 06 अप्रैल 2021 –कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने की दिशा में आवश्यक कार्यवाही करते हुए नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आज भी विभिन्न आवासीय क्षेत्रों, शासकीय कार्यालयों व सार्वजनिक स्थानों में सेनेटाईजेशन का कार्य किया गया। निगम के स्वच्छता विभाग के अमले ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर इन सभी स्थानों को सेनेटाईज कराया।

कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल के मार्गदर्शन में कोरोना संक्रमण के प्रसार को रोकने की दिशा में प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन के दिशा निर्देशन में निगम द्वारा इस दिशा में किए जा रहे अन्य कार्यो के साथ–साथ शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों, अस्पतालों, आवासीय क्षेत्रों आदि में सेनेटाईजेशन का कार्य कराया जा रहा है। इसी कड़ी में आज शिवाजीनगर, एम.पी.नगर, रविशंकर शुक्ल नगर, नगर निगम कालोनी, नया बस स्टैण्ड, प्रेस काम्पलेक्स, कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला पंचायत कार्यालय, विभिन्न अस्पतालों, जनपद कार्यालय, नगर निगम कार्यालय साकेत, विभिन्न सुलभ शौचालय सहित अन्य शासकीय कार्यालयों को सेनेटाईज किया गया।